रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 15
No. of printed pages : 15

132

(मनोज कुमार पाठक)
06/04/2022
प्रवक्ता / शोध अधिकारी

432 (IOZ)

2022

लेखाशास्त्र (सैद्धान्तिक)

ACCOUNTANCY (THEORY)

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 80
Time : 3 Hours] [Max. Marks : 80

निर्देश : (i) यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त हैं : 'क', 'ख' और 'ग'।

(ii) भाग 'क' सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।

(iii) भाग 'ख' और 'ग' में से कोई **एक** भाग हल करना है।

(iv) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर यथासंभव साथ-साथ लिखिए।

(v) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख दर्शाये गये हैं।

Instructions :

(i) This question paper contains three Parts : 'A', 'B' and 'C'.

(ii) Part 'A' is **compulsory** for all candidates.

(iii) Candidates shall attempt only **one** part of the remaining Parts 'B' and 'C'.

(iv) All parts of a question should be attempted together.

(v) Marks for each question are indicated against it.

भाग - 'क' (लेखाशास्त्र)

Part - 'A' (Accountancy)

1. कोई चार महत्वपूर्ण बिन्दुओं को बताइए जिन्हें साझेदारी संलेख में अवश्य ही शामिल किया जाना चाहिए। 2

Give any four important points which must be incorporated in a Partnership Deed.

2. उन मदों को बताइए जो साझेदारों के चालू खाते के डेबिट एवं क्रेडिट पक्षों में प्रायः प्रदर्शित होते हैं। 2

State the items that usually appear on the debit and credit sides of partner's current account.

3. समता अंश और पूर्वाधिकार अंश में क्या अन्तर है? 2

What is the difference between equity share and preference share?

4. कोई दो उद्देश्य बताइए जिनके लिए अंश प्रीमियम की प्राप्त धनराशि का उपयोग किया जा सकता है। 2

Give any two purposes for which amount of share premium received can be utilised.

5. ए बी सी कम्पनी ने ब्लू प्रिंट कम्पनी से एक भवन ₹ 1,00,000 में क्रय किया। ₹ 10,000 नगद भुगतान किये गये तथा शेष धनराशि के लिए सहमति बनी कि क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक वाले 10% ऋणपत्रों को 10% के बट्टे पर निर्गमित कर दिया जाएगा। ए बी सी कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए। 3

ABC Company purchased a building from Blue Print company for ₹ 1,00,000. Payment was made ₹ 10,000 as cash and it was agreed that purchase consideration be paid by issuing 10% debentures of ₹ 100 each at discount of 10% for balance amount. Give necessary journal entries in the books of ABC company.

6. X एक फर्म में साझेदार है। वह प्रत्येक माह के अन्त में ₹ 200 आहरण स्वरूप निकालता है। उसकी फर्म में पूँजी ₹ 8000 है। उसने फर्म को 1 जुलाई, 2016 को ₹ 4000 का ऋण दिया। पूँजी, आहरण और ऋण पर ब्याज की दर 5% प्रतिवर्ष है। पुस्तकें प्रति वर्ष 31 दिसम्बर को बन्द होती हैं। ब्याज की राशि की गणना कीजिए। 3

X is partner in a firm. He withdraws ₹ 200 at the end of each month. His capital in the firm is ₹ 8,000. He gave a loan of ₹ 4,000 to the firm on 1st July, 2016. Rate of interest on capitals, drawings and loan is 5% per annum. Books are closed on 31st December each year. Calculate the amount of interest.

7. हेमा और प्रेमा समान लाभ बांटते हुए साझेदार हैं। वे सीमा को लाभ के 1/4 हिस्से के लिए प्रवेश देते हैं। सीमा अपने ₹ 1500 ख्याति के प्रीमियम में से ₹ 1000 प्रीमियम नगद देती है। फर्म की पुस्तकों में ख्याति ₹ 8000 पूर्व से ही प्रदर्शित है। रोजनामचा प्रविष्टियां दीजिए। 4

Hema and Prema are partners sharing profits equally. They admit Seema for 1/4th share in profit. Seema pays ₹ 1000 in cash for premium out of her premium of goodwill ₹ 1500. Goodwill already appears in the books of the firm at ₹ 8000. Give journal entries.

8. Y लिमिटेड ने ₹ 10 वाले 3000 समता अंश सम मूल्य पर निर्गमित किए। इन अंशों पर भुगतान निम्नवत किया जाना है : ₹ 2 आवेदन पर, ₹ 3 आबंटन पर और ₹ 5 प्रथम एवं अन्तिम याचना पर। मोहन, जो 800 अंशों का धारक है, ने प्रथम और अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया है। अतः उसके अंशों का हरण कर दिया गया और इन्हें 5% कटौती पर पुनः निर्गमित किया गया है। Y लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। 4

Y Limited issued 3,000 equity shares of ₹ 10 each at par. On these shares payments are to be made as follows: ₹ 2 on application, ₹ 3 on allotment and ₹ 5 on first and final call. Mohan, who is a holder of 800 shares, has not paid the first and final call. Hence, his shares have been forfeited and have been reissued at a discount of 5%. Pass the necessary Journal entries in the books of Y Limited.

9. आकाश लिमिटेड ने 1 जनवरी, 2016 को ₹ 1000 वाले 2000 ऋणपत्र ₹ 50 प्रति ऋणपत्र की कटौती पर निर्गमित किए। धनराशि का भुगतान ₹ 200 आवेदन पर, ₹ 400 आबंटन पर और शेष प्रथम और अन्तिम याचना पर किया जाना था। आकाश लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। 4

On 1 January, 2016, Akash Limited issued 2000 debentures of ₹ 1,000 each at a discount of ₹ 50 per debenture. The amount was to be paid ₹ 200 on application, ₹ 400 on allotment and the balance on first and final call. Pass the necessary Journal entries in the books of Akash Limited.

10. निम्नांकित विवरण से वर्ष 2012 के लिए आय एवं व्यय खाते में क्रेडिट की जाने वाली चन्दे की धनराशि की गणना कीजिए : 4

	₹
(i) वर्ष 2012 में प्राप्त चन्दे	15,000
(ii) वर्ष 2011 के अन्त में अदत्त चन्दे	2,000
(iii) 31 दिसम्बर, 2011 को अग्रिम में प्राप्त चन्दे	1,000
(iv) 31 दिसम्बर, 2012 को अग्रिम में प्राप्त चन्दे	3,000
(v) 31 दिसम्बर, 2012 को अदत्त चन्दे	5,000

From the following particulars calculate the amount of subscription to be

credited to Income and expenditure account for the year 2012:

		₹
(i)	Subscriptions Received during year 2012	15,000
(ii)	Subscription Outstanding at the end of year 2011	2,000
(iii)	Subscription Received in advance on 31 December, 2011	1,000
(iv)	Subscription Received in advance on 31 December, 2012	3,000
(v)	Subscription Outstanding on 31 December, 2012	5,000

11. निम्नलिखित के लिए रोजनामचा प्रविष्टियाँ दीजिए : 4

(i) ₹ 100 प्रत्येक पर ₹ 1,00,000 के 6% ऋणपत्रों का सममूल्य पर निर्गमन और सममूल्य पर मोचनीय।

(ii) ₹ 100 प्रत्येक पर ₹ 1,00,000 के 6% ऋणपत्रों का 5% बट्टे पर निर्गमन और 5% प्रीमियम के साथ मोचनीय।

Give the Journal entries for the following :

(i) Issue of ₹ 1,00,000, 6% debentures of ₹ 100 each at par and redeemable at par.

(ii) Issue of ₹ 1,00,000, 6% debentures of ₹ 100 each at discount of 5% but redeemable at premium of 5%.

12. निम्नलिखित विवरण से 31 दिसम्बर, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए आगम तथा शोधन खाता तैयार कीजिए : 6

आगम :

भवन के लिए दान ₹ 60,000, पुराने अखबारों की बिक्री ₹ 500, कोचिंग के लिए शुल्क ₹ 2000, विविध ₹ 200.

वर्ष 2015 के लिए चन्दा प्राप्त ₹ 4000, वर्ष 2016 के लिए चन्दा प्राप्त ₹ 25,000, वर्ष 2017 के लिए चन्दा प्राप्त ₹ 600.

शोधन :

वेतन ₹ 6000, मरम्मत ₹ 1000, छपाई एवं स्टेशनरी ₹ 500, दरें एवं कर ₹ 1000, विद्युत ₹ 400, विविध ₹ 200, भवन का निर्माण ₹ 50,000, अखबार ₹ 1000.

हाथ में नकद रोकड़ : 1 जनवरी, 2016, ₹ 1000

31 दिसम्बर, 2016 ₹ 33,200

अन्य सूचनायें :

(i) वर्ष 2016 के लिए ₹ 1200 का चन्दा वसूल होना है।

(ii) अदत्त व्यय : मरम्मत ₹ 100 तथा छपाई ₹ 400 .

From the following informations, prepare a Receipts and Payments Account for the year ended on 31st December 2016:

Receipts :

Donation for building ₹ 60,000; Sale of old newspapers ₹ 500; fees for coaching ₹ 2000; Sundries ₹ 200.

Subscriptions realised for 2015 ₹ 4,000; Subscriptions realised for 2016 ₹ 25,000; Subscriptions realised for 2017 ₹ 600.

Payments :

Salaries ₹ 6000; Repairs ₹ 1,000; Printing and Stationary ₹ 500; Rates & Taxes ₹ 1,000; Electricity ₹ 400; Sundries ₹ 200; Construction of Building ₹ 50,000; Newspaper ₹ 1000

Cash in Hand:

1st January, 2016 ₹ 1000

31st December, 2016 ₹ 33,200

Other Informations:

(i) Subscription to be realised for 2016 ₹ 1200.

(ii) Outstanding Expenses: Repairs ₹ 100 and Printing ₹ 400.

13. 1 जनवरी, 2015 को अ, ब और स ने साझेदारी में क्रमशः ₹ 10,000, ₹ 6000 और ₹ 4000 की पूँजी के साथ प्रवेश किया। वे लाभों एवं हानियों को 5:3:2 के अनुपात में विभाजित करने पर सहमत हुए। वर्ष 2015 के दौरान उनके आहरण थे : अ- ₹ 2,000, ब- ₹ 1,500 और स- ₹ 1,500 । स को ₹ 1200 प्रति वर्ष वेतन प्राप्त करने का अधिकार है। पूँजी और आहरण पर ब्याज 6% प्रतिवर्ष की दर से लगाया गया है। उपरोक्त मदों के समायोजन से पूर्व 31 दिसम्बर, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ ₹ 9,200 था।

लाभ एवं हानि नियोजन खाता बनाइए। 6

On January, 2015 A, B and C entered into partnership with capitals of ₹ 10,000; ₹ 6,000 and ₹ 4,000 respectively. They agreed to share Profits and Losses in the ratio of 5:3:2. During 2015 their drawings were: A - ₹ 2000; B - ₹ 1500 and C - ₹ 1500. C is entitled to receive a salary of ₹ 1,200 per annum. Interest on capitals and drawings is provided at the rate of 6% per annum. Before adjusting the above items, the profits for the year ended December 31, 2015 was ₹ 9,200. Prepare Profit and Loss Appropriation Account.

अथवा (OR)

(क) रोहित, मोहित एवं गोपाल एक फर्म में साझेदार थे जो लाभ-हानि को $\frac{1}{3} : \frac{1}{6} : \frac{1}{2}$ के अनुपात में बांटते थे। उन्होंने भविष्य में लाभ-हानि को 3 : 2 : 1 के अनुपात में बांटने का निर्णय लिया। लाभ-विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण प्रत्येक का लाभ-प्राप्ति अथवा त्याग का अनुपात ज्ञात कीजिए। 3

(ख) P, Q और R एक फर्म में साझेदार हैं। उन्होंने पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के आधार पर तीन वर्षों के क्रय मूल्य पर ख्याति खाता खोलने का निर्णय लिया। पिछले चार वर्षों के लाभ निम्न प्रकार हैं -

वर्ष	₹
I	20,000
II	5,000 (हानि)
III	10,000
IV	3,000

ख्याति की गणना कीजिए। 3

(a) Rohit, Mohit and Gopal were partners in a firm, sharing profits-losses in the ratio $\frac{1}{3} : \frac{1}{6} : \frac{1}{2}$. They decided to share future profits-losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Find each partner's gain or sacrifice due to change in the ratio.

(b) P, Q and R are partners in a firm. They decides to raise Goodwill Account on the basis of three years' purchase of average profits of last four years. The profit of last four years are as follows -

Year	₹
I	20,000
II	5,000 (Loss)
III	10,000
IV	3,000

Calculate goodwill.

14. एक सीमित दायित्व कम्पनी ने 5000 समता अंश ₹ 10 प्रति अंश की दर से ₹ 2 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किये। इन पर निम्नानुसार धनराशि देय होगी-

आवेदन पर	₹ 2 प्रति अंश
आवंटन पर	₹ 5 प्रति अंश (₹ 2 प्रीमियम सहित)
प्रथम याचना पर	₹ 2 प्रति अंश

द्वितीय एवं अन्तिम याचना पर ₹ 3 प्रति अंश।

कम्पनी को 6500 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 500 अंशों के आवेदन निरस्त किये गये। शेष आवेदकों को आनुपातिक आवंटन किया गया। एक 500 अंश के अंशधारी ने अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया। अतः उसके अंशों को जब्त कर लिया गया। जब्त किये गये अंशों को ₹ 7 प्रति अंश की दर से पुनर्निगमित किया गया। जर्नल प्रविष्टियां दीजिए। 6

A limited company issued 5000 equity shares of ₹ 10 per share at premium ₹ 2 per share. The amount will be due on these as follows-

on application	₹ 2 per share
on allotment	₹ 5 per share (including premium ₹ 2)
on first call	₹ 2 per share

on second and final call ₹ 3 per share.

Company received applications for 6500 shares. Application for 500 shares were rejected. Pro-rata allotment were made for remaining applicants. A share-holder of 500 shares has not paid the final call. So his shares were forfeited. Forfeited shares were reissued @ ₹ 7 per share. Give journal entries.

अथवा (OR)

ए बी सी लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 10,000, 6% ऋणपत्रों को जारी किया। धनराशि निम्न प्रकार देय थी-

आवेदन पर	₹ 20 प्रति ऋणपत्र
आवंटन पर	₹ 50 प्रति ऋणपत्र
प्रथम याचना पर	₹ 15 प्रति ऋणपत्र
द्वितीय एवं अन्तिम याचना पर	₹ 15 प्रति ऋणपत्र

12,000 ऋणपत्रों के आवेदन प्राप्त हुए। 2,000 ऋणपत्रों के आवेदकों की आवेदन राशि वापस की गयी। X, जो 100 ऋणपत्रों का आवेदक था, ने आवंटन के समय अपने हिस्से की सम्पूर्ण धनराशि दे दी और Y, जो 200 ऋणपत्रों का ऋणपत्रधारी था, अन्तिम याचना देने में असफल रहा।

ए बी सी लिमिटेड की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियां दीजिए। 6

ABC Limited issued 10,000, 6% debentures @ ₹ 100 each.

The amount was payable as follows :

on application	₹ 20 per debenture
on allotment	₹ 50 per debenture
on first call	₹ 15 per debenture
on second and final call	₹ 15 per debenture

12,000 application for debentures were received. Application money returned to applicants of 2,000 debentures. X, applicant of 100 debentures, paid the entire amount on his holdings on allotment and Y, the debentureholder of 200 debentures failed to pay final call.

Give the journal entries in the books of ABC Limited.

15. 31 मार्च, 2016 को A और B का निम्नलिखित आर्थिक चिट्ठा था, जो लाभों तथा हानियों को 2/3 तथा 1/3 के अनुपात में बांटते हैं :

दायित्व	धनराशि (₹)	सम्पत्तियाँ	धनराशि (₹)
पूँजी खाते : ₹		भवन	25,000
A 15,000		संयन्त्र और मशीनरी	17,500
B 10,000	25,000	स्टॉक	10,850
विविध लेनदार	32,950	विविध देनदार	4,000
		बैंक में रोकड़	600
	57,950		57,950

उन्होंने C को 1 अप्रैल, 2016 से निम्नांकित शर्तों पर साझेदारी में प्रवेश देने पर सहमति की :

(अ) C को लाभों में 1/3 हिस्सा दिया जाएगा तथा वह अपनी पूँजी के लिए ₹ 7,500 तथा ख्याति के अंश के लिए ₹ 3000 लाएगा।

(ब) स्टॉक तथा संयन्त्र एवं मशीनरी के मूल्य में 5% की कमी करनी है।

(स) विविध देनदारों पर संचिति के लिए 12.5% का सृजन करना है।

(द) भवन पर 10% की दर से ह्रास लगाना है।

(य) ख्याति की राशि पुराने साझेदारों के द्वारा निकाली जानी है।

नयी फर्म की पुस्तकों में आवश्यक खाते खोलिए एवं नयी फर्म का आर्थिक चिट्ठा बनाइए। 8

The following was the Balance Sheet of A and B on 31st March, 2016 who share profits and losses in the ratio of 2/3 and 1/3:

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capital A/cs: ₹		Building	25,000
		Plant & Machinery	17,500
A 15,000			
B 10,000	25,000	Stock	10,850
Sundry creditors	32,950	Sundry Debtors	4,000
		Cash at Bank	600
	57,950		57,950

They agreed to admit C into partnership on the following terms on 1st April, 2016:

(a) C is to be given 1/3 share in profits and is to bring ₹ 7500 as his capital and ₹ 3000 as his share of goodwill.

(b) The value of Stock and Plant & Machinery is to be reduced by 5%.

(c) A Reserve of 12.5% is to be created in respect of Sundry Debtors.

(d) The building is to be depreciated by 10%.

(e) The Goodwill is to be withdrawn by the old partners.

Open necessary accounts in the books of the new firm and prepare Balance Sheet of the New firm.

अथवा (OR)

A, B और C एक फर्म में साझेदार हैं और लाभों और हानियों को बराबर अनुपात में बांटते हैं। उन्होंने 31 मार्च, 2016 को फर्म का विघटन किया। इस तारीख को इस फर्म का चिट्ठा निम्नांकित था :

दायित्व		धनराशि (₹)	सम्पत्तियाँ	धनराशि (₹)
लेनदार		60,000	स्थायी सम्पत्तियाँ	1,00,000
पूँजी :	₹		चालू सम्पत्तियाँ	40,000
	A 30,000		रोकड़	10,000
	B 30,000			
	C 30,000	90,000		
		1,50,000		1,50,000

सम्पत्तियों से उनके पुस्तकीय मूल्य से 10% कम वसूल हुए। लेनदारों को पूरा भुगतान किया गया। समापन व्यय ₹ 500 हुए, जिनका नकदी में भुगतान किया गया। एक संदिग्ध दायित्व के लिए, जिसकी पुस्तकों में कोई व्यवस्था नहीं थी, ₹ 500 भुगतान किए गए। आवश्यक खाते बनाइए। 8

A, B and C are partners in a firm and share profits and losses equally. They dissolved the firm on 31st March, 2016. On this date the Balance Sheet was as under:

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	60,000	Fixed Assets	1,00,000
Capital : ₹		Current Assets	40,000
		Cash	10,000
A 30,000			
B 30,000			
C 30,000	90,000		
	1,50,000		1,50,000

10% less than book value from assets was realised. Creditors were paid in full. Dissolution expenses amounted to ₹ 500 which were paid in cash. An amount of ₹ 500 was paid for contingent liabilities for which no provision was made in the books of accounts. Prepare necessary Accounts.

भाग - 'ख' (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

Part - 'B' (Analysis of Financial Statements)

16. रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई दो उपयोग बताइए। 2

Explain any two uses of Cash Flow statement.

17. वित्तीय विवरण का अर्थ बताइए। 2

Give the meaning of Financial statement.

18. निम्नांकित अनुपातों के गणना सूत्र लिखिए: 3

(i) ऋण-समता अनुपात

(ii) सकल लाभ अनुपात

(iii) स्वामित्व अनुपात

Write formula of calculating the following Ratios:

(i) Debt Equity Ratio

(ii) Gross Profit Ratio

(iii) Proprietory Ratio

19. वित्तीय अनुपातों के कोई तीन लाभों को समझाइए। 3

Explain any three advantages of Financial Ratios.

20. X लिमिटेड की कार्यशील पूँजी की स्थिति निम्नांकित है : 4

चालू दायित्व	₹	चालू सम्पत्तियाँ	₹
		स्कन्ध	28,000
लेनदार	24,500	देनदार	17,500
बैंक अधिविकर्ष	10,500	रोकड़	3,500
	35,000		49,000

(i) चालू अनुपात एवं

(ii) तरलता अनुपात की गणना कीजिए।

The working capital position of X Limited is as under:

Current Liabilities	₹	Current Assets	₹
		Stock	28,000
Creditors	24,500	Debtors	17,500
Bank overdraft	10,500	Cash	3,500
	35,000		49,000

Calculate

(i) Current Ratio and

(ii) Liquid Ratio.

21. एक फर्म की वित्तीय स्थिति 31 मार्च, 2013 एवं 2014 को निम्नवत थी : 6

पूँजी एवं दायित्व	31.03.2013 ₹	31.3.2014 ₹	सम्पत्तियाँ	31.3.2013 ₹	31.3.2014 ₹
चालू दायित्व	36,000	41,000	मशीनरी	1,07,000	1,22,000
ऋण	-----	20,000	घटाया ह्रास	27,000	36,000
बैंक ऋण	30,000	25,000		80,000	86,000
पूँजी एवं संचय	1,48,000	1,49,000	भवन	50,000	55,000
			भूमि	20,000	30,000
			स्कन्ध	25,000	22,000
			देनदार	35,000	38,400
			रोकड़	4,000	3,600
	2,14,000	2,35,000		2,14,000	2,35,000

वर्ष के दौरान ₹ 26,000 लाभांश के रूप में चुकता किए गए।

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए।

The financial position of a firm as on 31st March, 2013 and 2014 was as under:

Capital and Liabilities	31.3.2013 ₹	31.3.2014 ₹	Assets	31.3.2013 ₹	31.3.2014 ₹
Current Liabilities	36,000	41,000	Machinery	1,07,000	1,22,000
Loan	—	20,000	Less: Dep.	27,000	36,000
Bank Loan	30,000	25,000		80,000	86,000
Capital and Reserves	1,48,000	1,49,000	Building	50,000	55,000
			Land	20,000	30,000
			Stock	25,000	22,000
			Debtors	35,000	38,400
			Cash	4,000	3,600
	214,000	2,35,000		2,14,000	2,35,000

During the year ₹ 26000 were paid as dividends. Prepare Cash Flow Statement.

भाग - 'ग' (अभिकलित्र लेखांकन)

Part - 'C' (Computerised Accounting)

16. टैली एवं लेखांकन के सम्बन्धों को समझाइए। 2

Explain the relationship between Tally and Accounting.

17. लेखांकन में वर्कशीट का क्या उपयोग है? 2

What is the use of worksheet in Accounting?

18. एक्सेल में फॉर्मूला प्रविष्ट करने के कोई तीन उदाहरण दीजिए। 3

Give any three examples of entering formula in Excel.

19. डी.बी.एम.एस. के कोई तीन लाभ बताइए। 3

Give any three advantages of D.B.M.S.

20. एक्सेल में चार्ट बनाने की क्या प्रक्रिया है? समझाइए। 3

What is the process of creating chart in EXCEL? Explain.

21. (क) निम्नांकित सूचना के आधार पर मासिक एवं वार्षिक ब्याज दर की गणना हेतु स्प्रैडशीट फॉर्मूला लिखिए: 4

ऋण की धनराशि	₹ 8000
ऋण की अवधि	4 वर्ष
मासिक किस्तों की धनराशि	₹ 200
किस्तों की संख्या	48

(a) Write Spread sheet formula to find out monthly and annual rate of interest on the basis of the following informations:

Loan Amount	₹ 8000
Term of Loan	4 years
Amount of monthly Instalments	₹ 200
Number of Instalments	48

(ख) 'PMT' फंक्शन को उदाहरण सहित समझाइए। 3

(b) Explain 'PMT' function with example.

*****